RAF SECTOR

NEWS CLIP

24/10/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar (Durg,Chhattisgarh)

पुलिस ने चेकिंग में 2 लाख की नगदी और 15 किलो चांदी के गहने पकड़े

क्राइम रिपोर्टर | भिलाई

विधानसभा चुनावों के चलते शहर में शुरू हुए वाहन चैकिंग अभियान में लगातार नगदी और आभूषण के पकड़े जाने का सिलसिला जारी है। सोमवार देर रात पद्मनाभपुर में पुलिस टीम को दो लाख रुपए नगदी और मंगलवार दोपहर सिरसा गेट पर एक कार से 15 किलो चांदी के आभूषण मिले। दस्तावेज पेश करने पर दोनों लोगों छोड़ दिया गया।

चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस विभाग ने शहर में करीब 60 से ज्यादा पाइंट बनाकर तीन शिफ्टों के माध्यम से चैकिंग अभियान छेड़ रखा है। इसके चलते ऐसे में बड़ी रकम ले जाने वालों को पकड़कर दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। एडिशनल एसपी सिटी विजय पांडेय ने बताया कि सोमवार रात करीब 9.30 पद्मनाभपुर चौक में आरएएफ के साथ थाने का बल वाहनों की चैकिंग कर रहा था। उस दौरान एक कार में करीब दो लाख रुपए की नगदी मिली। इसी तरह सिरसा गेट में मंगलवार दोपहर करीब 11.30 दुर्ग से रायपुर जा रहे खैरागढ़ के एक व्यापारी की कार में 15 किलो चांदी की बिछिया, पायल, करधनी मिली। जब उससे दस्तावेजों की मांग की गई तो उसने रसीद दिखा दी। ऐसे में स्टेटिक टीम की कार्रवाई के बाद उसे भी छोड़ दिया।

Dainik Navjyoti (Dausa, RAJ.)

रेपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लेग मार्च

न्यूज सर्विस/नवज्योति,बांदीकुई

विधानसभा चुनाव में भयमुक्त मतदान के लिए मंगलवार को पुलिस बल एवं रेपिड़ एक्शन फोर्स के जवानों ने संयुक्त रूप से गुढाकटला कस्बे में फ्लेग मार्च किया। फ्लेग मार्च के दौरान सहायक कमाण्डेट सुनील खीची, विजय सिंह मीना एवं बसवा थानाधिकारी मुकेश चौधरी ने गुढाकटला कस्बे के मुख्य बस स्टैण्ड़ से सब्जी मण्ड़ी, गांधी चौक, ग्रामीण बैंक, डाकघर, कल्याण चौक गोर स्टैण्ड़ सहित मुख्य मार्गो में फ्लेग मार्च किया। बसवा थानाधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनावं के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मतदाताओं में विश्वास जगाने शान्तिपूर्ण मतदान करवाने एवं शतप्रतिशत मतदान करने के लिए विधानसभा की हर पंचायत ,बूथ एवं गावों में फ्लेग मार्च निकाला जाएगा।

Patrika (Rajasthan)

बसवा में फ्लैग मार्च निकालते जवान।

जवानों ने किया फ्लैग मार्च

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

बसवा. विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण व भयमुक्त मतदान के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी व रैपिड एक्शन फोर्स (द्रुत कार्य बल) के सहायक कमाण्डेंट सुनील खींची के नेतृत्व में जवानों ने कस्बे में फ्लैग मार्च किया।

थाना प्रभारी ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों तथा स्थानीय पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से राणा सांगा सर्किल से प्रमुख मार्गों में फ्लैग मार्च किया।

गुढ़ाकटला @ पत्रिका. विधानसभा चुनाव में भयमुक्त मतदान के लिए मंगलवार को पुलिस बल एवं रेपिड एक्शन फोर्स (द्रुत कार्य बल) के जवानों ने संयुक्त रूप से कस्बे में फ्लैग मार्च किया। सहायक कमाण्डेट सुनील खींची, विजयसिंह मीना एवं बसवा थानाधिकारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में कस्बे में फ्लैग मार्च किया गया।

(निज संवाददाता)

Photos of Deployment/ Fam-ex of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।